VOL- VIII ISSUE- V MAY 2021 PEER REVIEW e-JOURNAL IMPACT FACTOR 7.149 ISSN 2349-638x

# विश्वविद्यालय स्तरीय महिला बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के व्यक्तित्व गुणविशेषों का अध्ययन

रेखा देवी
गुरुद्वारा लेन, बक्षी नगर,
जम्मू, १८०००१

१.० प्रस्तावना

बास्केटबॉल की शुरुआत वर्ष १८९१ में कनाडा में हुई थी और १९३६ के ओलंपिक खेलों में बास्केटबॉल को एक मेडल इवेंट के रूप में शामिल किया गया था जबकि महिला बास्केटबॉल की शुरुआत १९७६ के ओलंपिक से हुई थी। आम तौर पर सर्दियों के मौसम में छात्रों को आउटडोर गेम खेलने की अनुमति नहीं होती है। किंतु ठंड के महीनों के दौरान एथलीटों को फिट रखने के लिए उन्हें इनडोर गेम जैसे बास्केटबॉल का काफी लाभ होता है। हालाँकि समय के अनुसार इस खेल के नियमों के करते हुए इसे और भी बेहतर तरीके से पेश किया गया, जिसे आज हम मॉर्डन–डे बास्केटबॉल के रूप में जानते हैं। भारत में इस खेल को सन् १९५० में खेला गया और इसी वर्ष बास्केटबॉल संघ की स्थापना की गयी थी। वर्तमान में इस खेल का आयोजन विद्यालय और विश्वविधालय स्तर पर किया जाता है।

आज व्यक्तित्व आधुनिक मनोविज्ञान का बहुत ही महत्वपूर्ण एवं प्रमुख विषय है। व्यक्तित्व के अध्ययन के आधार पर व्यक्ति के व्यवहार का पूर्वकथन भी किया जा सकता है। प्रत्येक बास्केटबॉल खेलनेवाले व्यक्ति में कुछ विशेष गुण या विशेषताएं होती है। जो दूसरे व्यक्ति में नहीं होतीं। इन्हीं गुणों एवं विशेषताओं के कारण ही प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे से भिन्न होता है। व्यक्ति के इन गुणों का समुच्चय ही व्यक्ति का व्यक्तित्व कहलाता है। व्यक्तित्व एक स्थिर अवस्था न होकर एक गत्यात्मक समष्टि है। जिस पर परिवेश का प्रभाव पड़ता है और इसी कारण से उसमें बदलाव आ सकता है। व्यक्ति के आचार–विचार, व्यवहार, क्रियाएं और गतिविधियों में व्यक्ति का व्यक्तित्व झलकता है। व्यक्ति का समस्त व्यवहार उसके वातावरण या परिवेश में समायोजन करने के लिए होता है। उक्त जानकारीके मद्देनजर विश्वविद्यालय स्तरीय महिला बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के व्यक्तित्व गुणविशेषों का अध्ययन किया गया।

२.० अनुसंधान पध्दती

२.१ विषयो का चुनाव

इसके अंतर्गत जम्मू जिले के विभिन्न महाविद्यालययो में पढनेवाले १०० महिला बास्केटबॉल खिलाड़ीयों का चयन किया गया। खिलाड़ीयों की उम्र १८ से २३ वर्ष के बीच थी और खिलाड़ीयों का चुनाव यादृच्छिक पध्दती से किया गया।

२.२ तथ्य संकलन के उपकरण

आंकड़ों के संकलन हेतू सर्वेक्षण पध्दती का उपयोग किया गया। बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के व्यक्तित्व गुणविशेषों का मापन श्री. अज्ञजीत सिंह तथा श्री एच. एस. चीमा द्वारा निर्मित स्पोर्ट्स स्पेसीफिक पर्सनालिटी टेस्ट द्वारा किया गया।

२.३सांख्यिकीय विश्लेषण

तथ्य विश्लेषण व निर्वचन सारणी करण के पश्चात सांख्यिकीय सारणियों का नियम बद्ध व उद्देश्य पूर्ण विश्लेषण किया किया गया। निर्वचन के पश्चात निष्कर्ष निकाले गये। 'Chi Square' Test का चयन कीया गया। Significance level 0.05 तय की गयी।

३.० तथ्यों का विश्लेषण एवं अध्ययन का परिणाम

३.१ समाजशीलता व्यक्तित्व गुण विशेष

तालिका क्र. १: बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के समाजशीलता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| औसत से अधिक | ६६ | ६६.० |
| औसत | २४ | २४.० |
| निम्न | १० | १०.० |
| कुल | १०० | १००.० |

काई–वर्गमूल्य: ५०.९७४; स्वातंत्र्यांश: २;

**P** मूल्य= <0.05; तालिका मूल्य:५.९९

तालिका क्रमांक १ में महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के समाजशीलता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ६६.० प्रतिशत बास्केटबॉल खिलाड़ीयों की समाजशीलता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा २४.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की समाजशीलता का निष्पादन औसत और १०.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की समाजशीलता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

३.२ प्रभावकारीता व्यक्तित्व गुण विशेष

तालिका क्र. २: बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के प्रभावकारीता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| औसत से अधिक | २३ | २३.० |
| औसत | १८ | १८.० |
| निम्न | ५९ | ५९.० |
| कुल | १०० | १००.० |

काई–वर्गमूल्य: ३०.००२; स्वातंत्र्यांश: २;

**P**मूल्यत्र <0.05; तालिका मूल्य:५.९९

तालिका क्रमांक २ में महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के प्रभावकारीता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार २३.० प्रतिशत बास्केटबॉल खिलाड़ीयों की प्रभावकारीता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा १८.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की प्रभावकारीता का निष्पादन औसत और ५९.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की प्रभावकारीता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

३.३ बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष

तालिका क्र. ३: बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| औसत से अधिक | ६२ | ६२.० |
| औसत | २१ | २१.० |
| निम्न | १७ | १७.० |
| कुल | १०० | १००.० |

काई–वर्गमूल्य: ३७.२३१; स्वातंत्र्यांश: २;

**P**मूल्य= <0.05; तालिका मूल्य:५.९९

तालिका क्रमांक ३ में महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ६२.० प्रतिशत बास्केटबॉल खिलाड़ीयों की बहिर्मुखता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा २१.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की बहिर्मुखता का निष्पादन औसत और १७.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की बहिर्मुखता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

३.४ रूढीवादीता व्यक्तित्व गुण विशेष

तालिका क्र. ४: बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के रूढीवादीता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| औसत से अधिक | ५८ | ५८.० |
| औसत | ३१ | ३१.० |
| निम्न | ११ | ११.० |
| कुल | १०० | १००.० |

काई–वर्गमूल्य: ३३.३९२; स्वातंत्र्यांश: २;

**P**मूल्य= <0.05; तालिका मूल्य:५.९९

तालिका क्रमांक ४ में महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के रूढीवादीता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ५८.० प्रतिशत बास्केटबॉल खिलाड़ीयों की रूढीवादीता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा ३१.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की रूढीवादीता का निष्पादन औसत और ११.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की रूढीवादीता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

३.५ आत्म अवधारण व्यक्तित्व गुण विशेष

तालिका क्र. ५: बास्केटबॉल खिलाड़ीयों का आत्म अवधारण व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| औसत से अधिक | ३३ | ३३.० |
| औसत | ५४ | ५४.० |
| निम्न | १३ | १३.० |
| कुल | १०० | १००.० |

काई–वर्गमूल्य: २५.२३१; स्वातंत्र्यांश: २;

**P**मूल्य= <0.05; तालिका मूल्य:५.९९

तालिका क्रमांक ५ में महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के आत्म अवधारण व्यक्तित्व

गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ३३.० प्रतिशत बास्केटबॉल खिलाड़ीयों की आत्म अवधारण का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा ५४.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की आत्म अवधारण का निष्पादन औसत और १३.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की आत्म अवधारण का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

३.६ मानसिक कठोरता

तालिका क्र. ६: बास्केटबॉल खिलाड़ीयोंका मानसिक कठोरता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| औसत से अधिक | ६२ | ६२.० |
| औसत | २३ | २५.० |
| निम्न | १५ | १५.० |
| कुल | १०० | १००.० |

काई–वर्गमूल्य: ३७.९५२; स्वातंत्र्यांश: २; Pमूल्य= <0.05; तालिका मूल्य:५.९९

तालिका क्रमांक ६ में महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के मानसिक कठोरता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ६२.० प्रतिशत बास्केटबॉल खिलाड़ीयों की मानसिक कठोरता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा २५.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की मानसिक कठोरता का निष्पादन औसत और १५.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की मानसिक कठोरता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

३.७ भावनात्मक स्थिरता व्यक्तित्व गुण विशेष

तालिका क्र. ७: बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के भावनात्मक स्थिरता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| औसत से अधिक | ५९ | ५७.० |
| औसत | ३३ | ३३.० |
| निम्न | ८ | ८.० |
| कुल | १०० | १००.० |

काई–वर्गमूल्य: ३९.०३३य स्वातंत्र्यांश: २; Pमूल्य= <0.05; तालिका मूल्य:५.९९

तालिका क्रमांक ७ में महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खिलाड़ीयों के भावनात्मक स्थिरता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ५७.० प्रतिशत बास्केटबॉल खिलाड़ीयों की भावनात्मक स्थिरता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा ३३.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की भावनात्मक स्थिरता का निष्पादन औसत और ८.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की भावनात्मक स्थिरता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

४.० निष्कर्ष

४.१ समाजशीलता

- जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खेलनेवाले महिला खिलाड़ीयों के समाजशीलता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत से अधिक है।

४.२ प्रभावकारीता

- जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खेलनेवाले महिला खिलाड़ीयों के प्रभावकारीता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन निम्न स्तर का है।

४.३ बहिमुर्खता

- जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खेलनेवाले महिला खिलाड़ीयों के बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत से अधिक है।

४.४ रूढिवादीता

- जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खेलनेवाले महिला खिलाड़ीयों के रूढीवादीता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत से अधिक है।

४.५ आत्म अवधारण

- जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खेलनेवाले महिला खिलाड़ीयों के आत्म अवधारण व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत स्तर का है।

४.६ मानसिक कठोरता

- जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खेलनेवाले महिला खिलाड़ीयों के

मानसिक कठोरता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत से अधिक है।

४.७ भावनात्मक स्थिरता

- जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर बास्केटबॉल खेलनेवाले महिला खिलाड़ीयों के भावनात्मक स्थिरता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत से अधिक है।

५.० आधार ग्रंथ सूची

1. सिंह, अ., मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियां, २०१७
2. फाड़िया, बी.एल., शोध पद्धितयां, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स आगरा २०१९
3. गणेशन, एस. एन., अनुसंधान प्रविधि सिद्धांत और प्रक्रिया, लोकभारती प्रकाश, २००९.
4. शर्मा, वि. म., शोध प्रविधि, मयूर बुक्स, २०१८.
5. Kumar, F. A and Pathak, M. K. (2020). A comparative study of personality makes up among handball and baseball players, International Journal of Physical Education, Sports and Health,7(4), pp.137-139.
6. Florentina, P., Maria-cristiana, P and Ristea, C.(2012). Basketball contribution to the development of players' personality, Ovidius university annals, series physical education and sport / science, movement and health, 12(2), pp. 186-192.
7. Khan, M and Panchal, R. (2017). A comparative study of personality traits and sports performance between junior and senior level basketball players of delhi, International journal of physical education, sports and health, 4, pp. 203-206.
8. Tayari, F., Kamkary, K., Roohi, G. S and Shokrzade, S. (2012).The relationship between the professional female basketball players' personality profiles and their position in a play, J. Basic. Appl. Sci. Res., 2(6), pp. 6098-6107.
9. Conway, B. H. (2016). Investigating the relationship between personality traits and athletic performance among elite hockey players, Ewu masters thesis collection, Http://dc.ewu.edu/theses/347.
10. Ruhal, A. S., Chaudhary, D and Yadav, D. K. (2010). Personality Traits of Basketball Players of Different Universities of Rajasthan, Br J Sports Med, 44(I), pp.1–82.